लल्लूराम.com
सच कहेंगे लल्लूराम

CG में नकली कोल्डड्रिंक फैक्ट्री का भांडाफोड़, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, कई लोकप्रिय ब्रांड के लेबल किए गए जब्त

अमित पाण्डेय, खैरागढ़। गर्मियों का मौसम आते ही शीतल पेय (Cold drink) की बिक्री बढ़ जाती है। चुभती गर्मी के बीच प्यास बुझाने में कोल्ड ड्रिंक बहुत सहायक होती है, लेकिन थोड़े पैसे के लालच में अगर किसी ने आपको नकली कोल्डड्रिंक दे दी तो गर्मी से राहत के लिए पिये जाने वाली कोल्डड्रिंक आपकी जान भी ले सकती है. खैरागढ़ पुलिस ने आज ऐसी ही नकली कोल्डड्रिंक बनाने वाली फर्जी फैक्ट्री का भांडाफोड़ किया है. जहां धड़ल्ले से मैंगो, लीची और कई तरह की नकली कोल्डड्रिंक बनाने का काम चल रहा था.

आपको बता दें कि हुबहू असली जैसे दिखने वाली नकली कोल्डड्रिंक की पहचान करना कठिन है. इसीलिए आसानी से आरोपी आम लोगो की जान की परवाह किए बगैर धड़ल्ले से अपना गोरख धंधा चला रहे थे. मामले में पुलिस ने आरोपी दिनेश साहू को गिरफ्तार किया है. जो की छुईंखदान स्थित वार्ड नंबर 15 स्थित अपने घर पर ही मशीन लगाकर अवैध रूप से कोलड्रिंक निर्माण कर रहा था. पुलिस ने जब दिनेश के घर पर छापा मारा तो उसकी करतूत देखकर सभी हैरान रह गए. पुलिस ने मौके से 700 नग मैंगो जूस,1300 नग स्ट्रॉन्ग, 200 नग लीची जूस के साथ बड़ी मात्रा में खाली बोतल, 1 सोडा मशीन और रैपर भी बरामद किया है.

आरोपी दिनेश से कोल्ड्रिंक बनाने से संबंधित कोई दस्तावेज या खाद्य सुरक्षा संबंधित किसी भी मानक या लाइसेंस दिखाने को कहा गया तो वह पुलिस को दस्तावेज नहीं दे सका. जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दिनेश साहू को न्यायिक हिरासत लिया और फर्जी कोल्ड्रिंक फैक्ट्री का सभी सामान खाद्य विभाग के सुपुर्द कर दिया है.

जिले में दूसरे नकली कारखानों पर कार्रवाई कब ?

गौरतलब है कि, खैरागढ़ पुलिस ने छुईंखदान में नकली कोल्ड्रिंक फैक्ट्री का भले ही पर्दाफाश किया हो लेकिन सूत्रों की माने तो जिले में अब भी और भी कई नकली कारखाने संचालित हैं. इनमे से कई तो

सालों से चल रहे है और जिन पर नकेल कसना अभी बाकी है. अब देखना होगा की पुलिस कब इन कारखानों पर कार्रवाई करती है.

Source: https://lalluram.com/fake-cold-drink-factory-busted-in-cg-police-arrested-the-accused-labels-of-many-popular-brands-seized/